दिनांक 9 मई 2019

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

’चौपाल लगाकर दी जा रही है मौसमी बीमारियों से बचाव व रोकथाम की जानकारी’

नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त एसण्केण् सुंदरानी के निर्देश पर मौसमी बीमारियों के रोकथाम एवं बचाव के लिए निर्धारित तिथिवार चौपाल एवं शिविर लगाकर लोगों में जन जागरूकता लाई जा रही है! निगम भिलाई एवं स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम द्वारा संभावित मौसमी बीमारियों से बचाव एवं रोकथाम के मद्देनजर शिविर एवं चौपाल लगाकर स्वास्थ्यगत विभिन्न गतिविधियां जैसे घर घर कूलर की जांच करनाए टंकियों की जांच करनाए टायरों की जांच करनाए गमलों की जांच करनाए टेमीफास बोतल का वितरण एवं इसके उपयोग के तरीकेए लू उल्टी दस्त पीलिया डेंगू मलेरिया टाइफाइड जैसी बीमारियों के कारणए बचावए नियंत्रण एवं उपचार के विषय में स्वास्थ्य शिक्षा देकर लोगों में जागरूकता लाई जा रही है साथ ही घर से निकलने वाले गीले एवं सूखे कचरे को पृथक पृथक निष्पादन कर स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की जा रही है!

खुर्सीपारए शास्त्री नगर अंतर्गत बाबा बालक नाथ मंदिर के पासए जोन दो बालाजी नगर अंतर्गत नोकम्मा मोहल्लाए शारदा पाराए दुर्गा पारा सांस्कृतिक भवन के पास निगम एवं स्वास्थ्य शिविर दल के द्वारा संयुक्त रूप से चौपाल लगाकर बीमारियों से बचाव के साथ साथ मच्छर लार्वा उन्मूलन हेतु प्रयास किए जा रहे हैं!

जल है तो कल है जल ही जीवन है!